# वादा करने के बावजूद नहीं किया भुगतान

## हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता कर्मचारी को वेतन का भुगतान करने के किया था वादा



**जबलपुर, 28 जनवरी. लखनादौन टोल रोड लिमिटेड के अधिकारियों के द्वारा हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता कर्मचारी को वेतन का भुगतान करने के वादा किया था. हाईकोर्ट में वादा करने के बावजूद भी कंपनी की तरफ से सिर्फ दो माह का वेतन दिया गया.**

हाईकोर्ट जस्टिस बी पी सिंह की एकलपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अवमानना याचिका को सुनवाई के लिए पुन: सूचीबद्ध करने के आदेश जारी किये हैं. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने लखनादौन टोल रोड लिमिटेड (टीएलटीआरएल) के सत्येन्द्र कुमार की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि साल 2017 में उसे अनुबंध के आधार पर हेल्पर के पद पर नियुक्त किया गया था. अनुबंध हर साल नवीनीकृत होता रहा. कंपनी ने जुलाई 2023 को कंपनी ने इसे एकतरफा तरीके से उसकी सेवा समाप्त कर दिया. जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. हाईकोर्ट ने 22 अगस्त 2023 को अंतरिम आदेश पारित कर कंपनी को कोई याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नही करने का निर्देश दिया. यह अंतरिम राहत आगे की सुनवाइयों में बरकरार रही. कंपनी ने अंतरिम आदेश का पालन करते हुए कर्मचारी को काम पर रखा, लेकिन वेतन भुगतान से इनकार कर दिया. कंपनी ने नो वर्क, नो पे का हवाला देकर 23 अगस्त 2023 से वेतन रोक लिया. जिसके खिलाफ कर्मचारी ने अवमानना याचिका दायर की. हाईकोर्ट में अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान कंपनी की तरफ से 30 दिनों में याचिकाकर्ता के वेतन भुगतान की गारंटी दी थी.

हाईकोर्ट में भुगतान की गारंटी देने के बावजूद भी कंपनी ने कर्मचारी को सिर्फ दो माह का वेतन भुगतान किया. कर्मचारी के तरफ से दायर आवेदन की सुनवाई करते हुए उक्त आदेश जारी किये. याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता हितेन्द्र गोल्हानी ने पैरवी की.

### आयुष्मान भारत योजना में एनएबीएच सर्टिफिकेट अनिवार्यता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों के एम्पैनलमेंट से जुड़ी नीति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है. युगलपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्य शासन ने यह कदम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया है, जिस पर न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करेगा. जिन अस्पतालों को एम्पैनलमेंट या नवीनीकरण से आपत्ति है, वे खुद कोर्ट आ सकते हैं.

# मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम आयोजित



**मनरेगा का नाम बदलकर गुमराह कर रही सरकार**

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 जनवरी. मनरेगा प्रभारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी खुटार अखिलेश कुमार पाण्डेय के सतत निगरानी में एवं खुटार ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत सखौहा में राजू शाह के आयोजन में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा उनके सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.**

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश सचिव अमित द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य में तथा पारसनाथ प्रजापति की अध्यक्षता में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा मुख्य अतिथि अमित द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीजेपी सरकार मनरेगा का नाम बदलकर जनता को गुमराह कर रही है तथा जनता को इस योजना से कोई लाभ नही मिल पा रहा है तथा मनरेगा के प्रभारी अखिलेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में जनता को संबोधित करते हुए मनरेगा के संबंध में विस्तार से बताया तथा गांव में रहने वाले गरीब आम लोगो को कोई बीजेपी सरकार लाभ मिलने का कोई दूर-दूर तक उम्मीद नही है.

उक्त अवसर पर कर रहे पारसनाथ प्रजापति , विशिष्ट अतिथि के रूप में दयानिधि दुबे, श्यामपति कुशवाहा पूर्व सरपंच, दिलीप कुमार शाह सरपंच सखौहा, अरविंद जायसवाल बीएलए सखोहा, राजू शाह, चंदा शाह, विजय सिंह तथा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे.

# अंधे कत्ल का पुलिस ने किया खुलासा

## चोरी के इरादे से महिला की गई थी हत्या, दो गिरफ्तार- एक फरार



**इंदौर,28 जनवरी. बाणगंगा थाना क्षेत्र की गंगा धाम कॉलोनी में महिला की नृशंस हत्या के अंधे मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है.**

चोरी के उद्देश्य से घर में घुसकर महिला का दम घोंटकर हत्या की गई थी. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है. एडीसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि बाणगंगा थाना क्षेत्रांतर्गत गंगा धाम कॉलोनी में शुक्रवार 23 जनवरी को टीसीएस कंपनी में हाउसकीपिंग का कार्य करने वाली गायत्री पति सुनील धीमान उम्र 40 वर्ष का शव उसके घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिला था. मृतिका के हाथ पैर बंधे हुए थे तथा मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था.

**मौके पर पहुंची पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत तरीके से जांच प्रारंभ की. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतिका की दम घोंटकर हत्या किया जाना प्रमाणित हुआ. उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी. घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने अंधे कत्ल का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे.

### कारोबारी के 10 लाख के आभूषण ले उड़े बदमाश

**सतना.** जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र के कामता गांव में मंगलवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक सराफा कारोबारी को बेहोश कर लगभग 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए. होश में आने पर कारोबारी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. कामता गांव में दिनेश सोनी की ज्वेलरी की दुकान है. दिनेश सोनी आभूषण बनाने के साथ-साथ बेचने का भी काम करते हैं. बेहोश कर आभूषणों का डिब्बा ले गए दिनेश सोनी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे दो युवक उनकी दुकान पर आए.

# ओलावृष्टि से गेहूं- चने की फसल चौपट

**शिवपुरी. जिले में तेज बारिश और ओलावृष्टि से चना, गेहूं, सरसों, टमाटर और प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ है.**

शिवपुरी, कोलारस, करेरा और पिछोर विधानसभा क्षेत्रों में तेज बारिश हुई है. कई जगह चने के खेतों में पानी भर गया, जिससे फसल बिछ गई. सब्जियों की पत्तियां झड़ गई. देर रात ओलावृष्टि शुरू हो गई. चने की फसल पूरी तरह बिछ गई, टमाटर के पौधों की पत्तियां झड़ गई और प्याज के खेतों में पानी भर गया. गेहूं और सरसों की फसल भी प्रभावित हुई है. करेरा क्षेत्र के करीब 50 गांवों में ओले गिरने से फसलें खराब हो गई.



### मुरैना में सरसों की फसल बर्बाद हुई

**मुरैना.** अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है. बीते 24 घंटों के दौरान तेज बारिश और ओलावृष्टि से मुरैना जिले में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है. कहीं गेहूं और चना खेतों में आढ़ी गिर गई, तो कहीं सरसों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई. मुरैना में चने के आकार के ओले गिरे. बेमौसम बारिश और ओलों से किसान गहरे संकट में आ गए हैं. देर रात मुरैना के कई विकास खंडों कैलारस, पहाड़गढ़, जौरा में तेज बारिश के साथ ओले गिरे हैं. लगातार हो रही बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से परेशान किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द फसल नुकसान का सर्वे कराने और उचित मुआवजा देने की मांग की है.

**एक नजर में**

### सेक्टरों में ठेले हटाने और झूलों के समय को लेकर एसडीएम से मिले मेला व्यापारी



**ग्वालियर.** व्यापार मेला में विभिन्न सेक्टरों में बीच सड़क पर हाथठेलों, फड़वालों के कारण व्याप्त अव्यवस्थाओं, रात्रि में झूले बंद करने के लिए निर्धारित समय की पाबंदी का निष्पक्षता एवं एक समान नीति से पालन कराने, सेक्टरों में सफाई व्यवस्था को मुकम्मल करने, मेला व्यापारियों की समस्याओं एवं शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई करने आदि मुद्दों पर ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने आज बुधवार रात्रि मेला प्रभारी एसडीएम अतुल सिंह से मुलाकात की. एसडीएम ने मेला व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना एवं आश्वस्त किया कि मेला में विभिन्न सेक्टरों में बीच सड़क पर हाथठेलों, फड़वालों को हटाकर उन लिए निर्धारित हॉकर्स जोन में भेजा जाएगा एवं रात्रि में झूले बंद करने के लिए निर्धारित समय की पाबंदी का निष्पक्षता एवं एक समान नीति से पालन कराया जाएगा. किसी भी झूलेवाले के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा. मेला प्रभारी एसडीएम अतुल सिंह ने इस संबंध में मेला सचिव को निर्देशों का निष्पक्षता एवं तत्परता से पालन कराने को कहा.

# 7 .10 लाख किसानों को करेंगे भावांतर राशि का अंतरण



**मंदसौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 जनवरी को मंदसौर जिले के प्रवास पर रहेंगे. इस दौरान वे जिले को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे तथा प्रदेश के किसानों को भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे.**

मुख्यमंत्री द्वारा मल्हारगढ़ से भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत प्रदेश के 7.10 लाख किसानों के खातों में कुल 1,492 करोड़ रुपए की राशि अंतरित करेंगे. मंदसौर जिले के 27,500 किसानों द्वारा अपनी कुल 47,283.03 टन उपज का विक्रय किया गया है, जिसके एवज में जिले को लगभग 43 करोड़ रुपए की भावांतर राशि प्राप्त होगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मल्हारगढ़ में निम्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे 51.91 करोड़ रुपए की लागत से मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर स्थित मल्हारगढ़ 4 लेन फ्लाईओवर का भूमिपूजन, 5.53 करोड़ रुपए की लागत से पिपलिया मंडी समपार रेलवे अंडर

### विषाक्त भोजन से विद्यार्थियों की बिगड़ी तबीयत

**उमरिया.** जिले के करकेली जनपद अंतर्गत ग्राम जरहा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संदिग्ध विषाक्त भोजन खाने से कई छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ गई. जानकारी के अनुसार कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा ग्यारहवीं तक के लगभग 20-30 छात्र-छात्राएं उल्टी और दस्त की शिकायत से पीड़ित हो गए, जिससे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई. सूत्रों के मुताबिक बच्चों ने विद्यालय में बूंदी और सुरुचि भोज का सेवन किया था, जिसके बाद यह स्थिति निर्मित हुई. सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस की मदद से छात्रों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया जाने लगा.

# प्रमुख मांगों को लेकर कांग्रेस की पदयात्रा

**जबलपुर. शहर के पूर्व विधानसभा क्षेत्र में वर्षो से लंबित बहुप्रतीक्षित फ्लाई ओवर ब्रिज की मांग को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और जनआंदोलन तेज हो गया है.**



पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने पत्रकार वार्ता में बताया कि अम्बेडकर चौक से शहीद अब्दुल हमीद चौक तक लगभग 25 सौ मीटर लंबे फ्लाईओवर के अभाव में क्षेत्र में रोज़ाना भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर श्मशान घाट करिया पाथर और मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान स्थित होने के कारण शव यात्राओं के समय घंटों ट्रैफिक जाम रहता है. वहीं, जिला अस्पताल एल्गिन मार्ग इसी रास्ते से गुजरने के कारण गर्भवती महिलाओं, मरीजों, स्कूली बच्चों और वकीलों को भी अत्यधिक परेशानी होती है.

उन्होंने गोहलपुर क्षेत्र के नवनिर्मित फ्लाईओवर का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि संकरे पुल के कारण वहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है. मांग की गई है कि पुल का तत्काल विस्तारीकरण किया जाए और फ्लाईओवर को गोहलपुर होते हुए अधारताल तक जोड़ा जाए. इन प्रमुख मांगों को लेकर कांग्रेस की जनअधिकार न्याय पदयात्रा 30 जनवरी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दोपहर 2 बजे पहारिया पैलेस, अब्दुल हमीद चौक से अम्बेडकर चौक तक निकाली जाएगी.



### यूजीसी नीति के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन

जबलपुर. केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी से जुड़ी नीति के विरोध में बुधवार को जबलपुर में समस्त सवर्ण समाज के बैनर तले एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजन किया. दोपहर को घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में समाज के लोग, अभिभावक एवं छात्र शामिल हुए. वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित यूजीसी व्यवस्था शिक्षा प्रणाली में असमानता और भय का वातावरण उत्पन्न कर सकती है, जिससे मेधावी छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. उन्होंने शिक्षा को जातीय भेदभाव से मुक्त रखने और सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करने की मांग की. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे आने वाली पीढ़ी को निष्पक्ष, भयमुक्त और समान शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए एकजुट हुए हैं.

# अस्पताल के कर्मचारियों से मारपीट

## भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने किया हंगामा

**ग्वालियर. सिविल अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भाजपा के मंडल अध्यक्ष का कर्मचारियों के साथ जमकर विवाद हो गया और भाजपा नेता ने कर्मचारी क़ो पीटना शुरू कर दिया. मारपीट की यह पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे कैमरों में कैद हो गई है.**



पीड़ित कर्मचारी सिविल अस्पताल हजीरा में सेवाएं दे रहा मंगल सिंह भदोरिया आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर और मारपीट करने वाले भाजपा नेता योगेंद्र तोमर बताए जा रहे है जो मंडल अध्यक्ष भाजपा है. इनके बीच विवाद आखिर क्यों हुआ फिलहाल स्पष्ट नहीं है. हालांकि इस पूरे मामले के बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है. ये बवाल काफी देर तक अस्पताल में चला. यह इलाका ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के विधान सभा क्षेत्र में है. घटना के बाद आउटसोर्स कर्मचारियों मे रोष है और वे आंदोलन कर सकते हैं.

### क्रिश्चियन कॉलेज जमीन मामले में हाईकोर्ट में आज अर्जेंट सुनवाई

**इंदौर.** क्रिश्चियन कॉलेज की 1.702 हेक्टेयर जमीन को शासकीय घोषित किए जाने के मामले में आज मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर में अर्जेंट सुनवाई होने की संभावना है. जिला प्रशासन द्वारा आज सुबह कॉलेज की जमीन का कब्जा लेने की घोषणा की गई थी, लेकिन इससे पहले कॉलेज प्रबंधन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया है. जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने क्रिश्चियन कॉलेज की 1.702 हेक्टेयर भूमि को शासकीय जमीन मानते हुए उसका कब्जा लेने की योजना बनाई थी. इसके तहत आज सुबह करीब 10 बजे कार्रवाई प्रस्तावित थी.



# नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा संकल्पित

सिंगरौली 28 जनवरी. नगरीय क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए निगर पालिक निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 43 लगाई गई, डेकोरेटिव लाईट लोकार्पण विगत दिवस सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि महापौर रानी अग्रवाल के मुख्य अतिथि एवं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के विशिष्ट अतिथि में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य खुर्शीद आलम ने की.

इस अवसर विधायक ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम हमेशा संकल्पित हैं.

**मिशाल कायम** प्रधानाध्यापक ने 'अंशदान से देहदान तक' विषय में अपनी बात रखी

# गणतंत्र दिवस पर 64 देहदानियों का साक्षी बन भरहुत

**सतना. सतना जिले का गांव भरहुत 64 देहदान दाताओं का साक्षी बन गया. किसी ने राष्ट्रहित खातिर पति, पत्नी व पिता के साथ तो किसी ने बेटी के साथ अपने देह का दान कर मानवता की मिशाल कायम की.**




सरदार वल्लभ भाई पटेल विकास समिति बिहटा व विनीत विक्रम बौद्ध संस्थान भरहुत के संयुक्त आयोजकत्व में हुए कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा महाविद्यालप सतना के प्रधानाध्यापक ने अलग-अलग बिन्दुओं में 'अंशदान से देहदान तक' विषय में अपनी बात रखी .गणतन्त्र दिवस अवसर पर आयोजित 'देहदान संकल्प सभा' के मुख्य अतिथि जिला पंचापत के अध्यक्ष रामखेलावन कोल रहे, जबकि अध्यक्षता चिकित्सा महाविद्यालय सतना के डीन डी. एम0पी0 गर्ग ने की. विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय दण्डाधिकाटी सोमेश द्विवेदी, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया, सी. एम.एच.ओ-डॉ. मनोज शुक्ला, सिविल सर्जन डो अमर निहे रहे. सभा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामखेलावन कोल में अपने उद्‌बोधन में कहा कि मानवता की सेवा और सार्थक जीवन के उद्देश्य को लेकर किया गया देहदान इस क्षेत्र के लिए एक इतिहाम बनाकर जा रहा है.

सामान्य बीमारियों व उनके सुलभ उपचार .जिन प्राध्यपकों ने अपना विषय रखा उनमें डॉ, एल- चीन निहे, हृदय होग विशेषज्ञ, डॉ. पंकज चौरसिया, शरीर विज्ञान अनुराग जैन, शत्य चिकित्सा,डॉ विक्रम सिंह, जनरल मेडिमिन शामिल रहे. स्वागत उद्‌बोधन सरदार बल्लम भाई पटेल विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू 'जान' ने दिया . तीरथ प्रसार कुशवाहा अध्यत विनीत विक्रम बौद्ध संस्थान, भरहुत ने देहदान दाताओं का अतिथियों से परिचय कराया.

### बाल विकास योजना के नाम पर ठगी का भंडाफोड़

**खंडवा.** प्रशासनिक सजगता और त्वरित कार्रवाई का एक उदाहरण खंडवा में देखने को मिला है, जहाँ बाल कल्याण समिति और महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रयासों ने एक बड़े नौकरी रैकेट का पर्दाफाश किया है. बाल विकास योजना के नाम पर संचालित एक फर्जी संस्था द्वारा बेरोजगार महिलाओं और नाबालिगों को निशाना बनाया जा रहा था. कार्रवाई के चलते 217 महिलाओं और युवतियों को आर्थिक ठगी और मानसिक शोषण से समय रहते बचा लिया गया. ऊंचे वेतन का लालच और अवैध वसूली : महिला एवं बाल विकास अधिकारी रत्ना शर्मा और परियोजना अधिकारी पूजा राठौर की उपस्थिति में गठित दल ने कार्यालय पर छापा मारा.

# सबके प्रयासों से जनजातीय समुदाय का विकास

## ग्राम भेडियापानी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

**छिंदवाड़ा. राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज तामिया क्षेत्र के ग्राम भोडियापानी पहुंचे और वहां आयोजित संवाद कार्यक्रम में भारिया जनजातीय समुदाय के लोगों से आत्मीय संवाद किया.**



इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए संचालित पीएम जनमन अभियान, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, आदि कर्मयोगी अभियान सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं अभियानों की जानकारी देते हुए जनजातीय समुदाय से इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाने की अपील की. साथ ही अधिकारियों को इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही जनजातीय समुदाय का संपूर्ण एवं सर्वांगीण उत्थान संभव है.

इस दौरान उन्होंने भारिया हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए. राज्यपाल पटेल ने प्रधानमंत्री जनमन अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ समय पर और गुणवत्ता के साथ दिलाया जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए.